बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)नालंदा–33 / 2022 13656 पटना, दिनांक– 07/09/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 49–। दिनांक 04.03.2024 द्वारा श्रीमती शोभा मिश्रा, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN03574) के विरूद्ध शिविर प्रभारी पर अवैध राशि की मांग करने संबंधी झुठा आरोप लगाने एवं ससमय कार्य पूर्ण नहीं करने संबंधी आरोप पत्र गठित कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप के पत्रांक 1585 दिनांक 25.03.2024 द्वारा श्रीमती मिश्रा से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय अंतिम स्मार पत्रांक 12450 दिनांक 13.06.2024 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 700–।। दिनांक 08.08.2024 द्वारा मंतव्य प्रेषित किया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित आरोप / मंतव्य एवं श्रीमती मिश्रा से प्राप्त स्पष्टीकरण तथा संलग्न साक्ष्यों की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाया गया है कि बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा ससमय कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण दण्ड स्वरूप अगस्त, 2023 के मानदेय की कटौती की गयी है, इसके दृष्टिगत तत्काल इनका संविदा समाप्त न करते हुए कड़ी चेतावनी के साथ इन्हें स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

2. साथ ही बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 132–। दिनांक 11.07.2024 द्वारा इनका चयन उच्च पद पर हो जाने के फलस्वरूप दिनांक 08.07.2024 से त्याग पत्र देने संबंधी प्राप्त सूचना के आलोक में श्रीमती मिश्रा का त्याग पत्र दिनांक 08.07.2024 से स्वीकृत किया जाता है।

त्याग पत्र इस शर्त्त के साथ स्वीकृत किया जा रहा है कि उच्चतर पद पर आवंटित जिला में योगदान स्वीकृति के उपरांत यदि इनका पूर्व धारित पद का कार्य लंबित होगा, तो उक्त परिस्थिति में उन्हें पूर्व धारित पद का लंबित कार्य भी निष्पादन करना होगा। इस कार्य हेतु आवश्यकतानुसार इन्हें R2R सॉफ्टवेयर अन्तर्गत Login ID की सुविधा दी जाएगी।

Sd/- 7/9/24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)नालंदा–33 / 2022 13656 **पटना, दिनांक** 07/09/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती शोभा मिश्रा, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN03574), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)नालंदा–33 / 2022 13656 **पटना, दिनांक** 07/09/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)नालंदा–33 / 2022 13656 पटना, दिनांक 07/09/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत इनकी व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

6/9/24

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप